

## पलामू : 150 पेटी नकली अंग्रेजी शराब व 550 गैलन स्पिरिट के साथ दो गिरफ्तार

Palamu : उत्पाद विभाग और पलामू पुलिस की संयुक्त टीम ने नकली और अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुअरी गांव में दो घरों पर छापेमारी कर 550 गैलन स्पिरिट और करीब 150 पेटी नकली अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है.

साथ ही धीरज सिंह समेत दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है. पुलिस के अनुसार, बरामद स्पिरिट और अवैध शराब की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बतायी जा रही है.

उत्पाद अधीक्षक संजीव कुमार देव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार रात महुअरी गांव में धीरज सिंह के घर पर छापेमारी की गयी. कई घंटों तक चली छापेमारी और कड़ी मशक्कत के बाद 550 गैलन स्पिरिट और करीब 150 पेटी नकली अंग्रेजी शराब बरामद की गयी.

उन्होंने बताया कि बिहार के कुछ शराब माफिया धीरज सिंह के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार कर रहे थे. स्पिरिट से नकली शराब बनाकर बिहार भेजा जाता था.

संजीव कुमार देव ने कहा कि यह एक बड़े गिरोह का काम है. बहुत जल्द इस अवैध धंधे से जुड़े अन्य लोग भी कानून की जद में होंगे. इस मौके पर नौडीहा बाजार थाना की पुलिस और छतरपुर के एसडीएम आशीष गंगवार (IAS) भी मौजूद थे.

Source: https://lagatar.in/palamu-two-arrested-with-150-boxes-of-fake-english-liquor-and-550-gallons-of-spirit/#google_vignette